हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 30 जुलाई 2025, समय 1810 (10 मिनट)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी दो अगस्त को प्रधामंत्री किसान सम्मान निधि की अगली क़िस्त जारी करेंगे।
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि केवल तीन वर्ष में सभी राज्यों में वंदे भारत रेल सेवा उपलब्ध कराई गई है।
- मुख्य मंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि संसद में ऑपरेशन सिन्दूर पर चर्चा से विपक्ष का भ्रामक प्रचार जग जाहिर हुआ है।
- मुख्य मंत्री ने कहा कि अन्त्योदय श्रेणी के भूमि से वंचित एक लाख परिवारों को जल्द ही सौ सौ गज के प्लाट दिए जायेंगे।
- आज प्रदेश भर में हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा का पहला सत्र सम्पन हुआ ।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 2 अगस्त को "प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि" की अगली किस्त जारी करेंगे। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने आज चंडीगढ़ में बताया कि कि 2 अगस्त को प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वाराणसी में किसानों के लिए एक विशेष कार्यक्रम

आयोजित किया जाएगा, इसी कार्यक्रम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी करेंगे।

कृषि मंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 से शुरू हुई इस योजना के तहत अब-तक जारी 19 किस्तों में देशभर के किसानों के खातों में 3 लाख 69 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है। अब 20वीं किस्त में9 करोड़ 70 लाख रुपए करीब 20,500 करोड़ किसानों के बैंक खातों में डाले जाएंगे।

---

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि केवल तीन वर्ष में ही वंदे भारत रेल सेवा सभी राज्यों में उपलब्ध है। लोकसभा में आज एक प्रश्न के उत्तर में श्री वैष्णव ने बताया कि इस रेलगाड़ी की संचालन प्रतिक्रिया काफी उत्साहजनक है और इसलिए राज्यों से ऐसी रेलगाडियों की और अधिक मांग आ रही है।

1-अश्विनी वैष्णव

जब शताब्दी और राजधानी इंट्रड्यूज़ हुई थी जितने समय में देश के सारे राज्यों को कवर किया गया अगर उस समय को कम्पेयर करें करीब-करीब दो दशक से अधिक समय लगा था। आज मान्यवर प्रधानमंत्री जी ने वंदेभारत जब इंट्रड्यूज की तीन साल के शॉर्ट टाइम फ्रेम में देश के सारे के सारे राज्यों को कवर किया। एक सौ 44 सर्विसिज आज वंदेभारत की चल रही हैं। और देशभर से इसका बहुत अच्छा फीडबैक आता है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री वैष्णव ने कहा है कि वर्ष 2014-15 की तुलना में रेल दुर्घटनाओं में 77 प्रतिशत गिरावट आई है। श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने कवच जैसी नई प्रौद्योगिकी लाकर यात्रियों और रेलवे की सुरक्षा को प्राथमिकता दी है।

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र तेज गति से विकसित हो रहा है। श्री मोदी के नेतृत्व में भारत 11वीं से चौथी आर्थिक शक्ति बना है।

मुख्यमंत्री आज पवित्र सावन माह में कुरुक्षेत्र के पिहोवा तीर्थ में संगमेश्वर अरुणाय शिव मंदिर में पूजा अर्चना के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा से विपक्ष का भ्रामक प्रचार जगजाहिर हुआ है

---------------------------------------------------------------------------------------------------

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कुरुक्षेत्र जिले के विभिन्न गांवों के दौरे के दौरान गांव डगाली में स्वच्छ पेयजल की पाइप लाइन बिछाने के लिए 55 लाख 41 हजार रुपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके इलावा बीड कालवा में 52 लाख 64 हजार रुपए व गांव धनानी में 27 लाख 15 हजार रुपए पीने की पाइप लाइन के लिए दिए जाएंगे।

उन्होंने गांव बीड कालवा, धनानी, डीग व डगाली में 21-21 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात भी दी। उन्होंने गांव डीग में 6 करोड़ 38 लाख 42 हजार रुपए की लागत से बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त से निजी अस्पताल की तर्ज पर 10 जिलों के सरकारी अस्पतालों में सभी सुविधाएं मिलेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश  के अंत्योदय श्रेणी के भूमि से वंचित 1 लाख परिवारों को जल्द ही 100-100 गज के प्लॉट दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा –

---

हरियाणा में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की जा रही है और अब तक इस दिशा में काफी प्रगति हुई है।

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के 5 वर्ष पूरे होने पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा –

आज प्रदेश भर में हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-HTET की पी जी टी अध्यापकों के लिए परीक्षा ली गई। परीक्षा  चौक-चौबंद व्यवस्था के बीच सम्पन्न हुई।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ पवन कुमार ने भिवानी में परीक्षा शुरू होने से पहले बताया –

उन्होंने कहा कि परीक्षा के  पारदर्शी और नकल रहित आयोजन के लिए उच्च तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है।

कल भी पी जी टी और प्राइमरी अध्यापक के लिए परीक्षा के दो सत्र आयोजित की जाएंगे।

---

हरियाणा में अब तक  डेंगू के 118, मलेरिया के 65 व चिकनगुनिया के 4 मामले सामने आए हैं।

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डॉ कुलदीप सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा अब तक डेंगू के 30 हजार टेस्ट किए जा चुके हैं

उन्होंने  कहा कि प्रत्येक जिला अस्पताल में डेंगू  के मरीजों के लिए विशेष वार्ड बनाए गए हैं।

उन्होंने लोगों से बरसात के मौसम में सावधानी बरतने की अपील की।

---------------------------------------------------------------------------------------------------